# संबद्धता हेतु निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनांक **19-09-2025** राजकीय महाविद्यालय पाटी में बी.ए. कक्षा के दो विषय—**राजनीति शास्त्र एवं भूगोल**—की संबद्धता हेतु सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से गठित चार सदस्यीय निरीक्षण दल ने महाविद्यालय का दौरा किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व **डॉ. प्रो. जगत सिंह बिष्ट** ने किया। दल में **कला संकाय की वरिष्ठ सदस्य डॉ. ज्योति जोशी**, **राजकीय महाविद्यालय लमगड़ा की प्राचार्य डॉ. रेनू जोशी** तथा **अधिशासी अभियंता श्री पंकज राय** सम्मिलित रहे। महाविद्यालय में पहुँचने पर निरीक्षण दल का स्वागत प्राचार्य डॉ० (प्रो०) आर० के० पांडेय, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात निरीक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। दल ने महाविद्यालय की **शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं**, पुस्तकालय, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, फर्नीचर, खेलकूद की व्यवस्था तथा शिक्षण वातावरण का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने संबद्धता मानकों के अनुरूप महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की तथा कुछ सुधारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए। निरीक्षण के उपरांत टीम ने प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण के साथ बैठक कर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, छात्र-हितैषी योजनाओं छात्रा छात्रावास तथा भावी योजनाओं की जानकारी दी। दल ने महाविद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि राजनीति शास्त्र एवं भूगोल विषयों की संबद्धता से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नये अवसर प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की संयोजक सम्बधता समिति श्रीमती हिना परवीन द्वारा किया गया तथा अंत में निरीक्षण दल का आभार व्यक्त करते हुए संबद्धता प्रक्रिया की सफलता हेतु शुभकामनाएँ दी गईं।

संयोजक सम्बद्धता

समिति

श्रीमती हिना

परवीन

राजकीय

महाविद्यालय पाटी